Sanskrit Deptt. Activity 2020-21

30.01.2021: Essay writing competition

INDIRA GANDHI NATIONAL COLLEGE
LADWA (DHANORA), DISTRICT - KURUKSHETRA

Notice
28.01.2021

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर **संस्कृत विभाग** द्वारा **निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन दिनांक 30 जनवरी 2021 को **मिनी स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स** में दोपहर 12.00 बजे करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय संस्कृत साहित्यकारों (भास, कालिदास, भर्तृहरि) की जीवनी व कृतियाँ होगा। इस प्रतियोगिता में संस्कृत के सभी विद्यार्थियों को भाग लेना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी अपना नाम **डॉ. नवीन कुमारी, विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग** को लिखवा दें।

नियम व शर्तें :-

1. सभी विद्यार्थी कोविड-19 के नियमों का पालन करें।
2. प्रतिभागी किसी एक साहित्यकार पर ही लिखेंगें।
3. विजेता का चयन लेखन कौशल व सभी बिन्दुओं को ध्यान में रख कर किया जायेगा।
4. प्रतियोगिता का समय 60 मिनट रहेगा।

भास्कर पानीपत, रविवार 31 जनवरी, 2021

आईजीएन कॉलेज में गांधी जी की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

भास्कर न्यूज | लाडवा

इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में स्टाफ और विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कॉलेज में भौतिकी विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता और वाणिज्य विभाग की ओर से जीएसटी से संबंधित व्याख्यान का आयोजन रखा गया।

प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। वहीं रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. रवीश चौहान ने भी विद्यार्थियों को राष्ट्रपिता से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों से अवगत करवाया। डॉ. अरविन्द गर्ग भौतिकी विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इसमें बीएससी प्रथम वर्ष की टीम प्रथम रही। डॉ. नवीन कुमारी, संस्कृत विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों के लिए निबंध का आयोजन करवाया। गत सप्ताह संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों कोमल, शीतल, प्रीति और मनीषा को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. अशोक वर्मा, अनिल कुकरेज[illegible] डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. संदीप बंसल[illegible] डॉ. रूपेश गौड़, डॉ. राजेश कुमा[illegible] प्रो. सुनीता रानी, डॉ. नीति गोयल[illegible] डॉ. सुदेश कुमार, डॉ. वंदना गुप्[illegible] डॉ. अमित कुमार, डॉ. नी[illegible] राजबीर, मनदीप कौर, विज[illegible] कुमार, जोगिन्द्र, राजपाल श[illegible] सुशील कुमार उपस्थित रहे।

लाडवा | महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते टीचर्स व स्टूडेंट्स

7.06.2021 : Online quiz competition



लाडवा : ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में भाग लेते विद्यार्थी। (छाया : चट्ठा)

ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को आयोजन करवाया

लाडवा, 10 जून (चट्ठा) : इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में संस्कृत विभाग की तरफ से ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को आयोजन हुआ। डॉ. नवीन कुमारी विभागाध्यक्षा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. नवीन कुमारी का कहना है कि इस लॉकडाऊन समय में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों ज्ञानवर्धन होगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थी अपनी संस्कृति को अच्छी तरह समझते है। संस्कृत में ज्ञानवर्धन बहुत सी धार्मिक पुस्तकें है। संस्कृत भाषा को देवों की भाषा भी कहा जाता है। इस प्रतियोगिता में रेशम सिंह बी.ए. प्रथम वर्ष, तरसेम बी.ए. तृतीय वर्ष और अंकित शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।